चुपके-चुपके के रीमेक में धर्मेंद्र का रोल निभाएंगे राजकुमार राव

साल 1975 में मशहूर फिल्म डायरेक्टर ऋषिकेश मुखर्जी की पॉप्युलर फिल्म चुपके-चुपके आई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, जया भादुड़ी, शर्मिला टैगोर और ओम प्रकाश मुख्य भूमिकाओं में थे। इस सदाबहार कॉमिडी फिल्म को बीते 11 अप्रैल को रिलीज हुए पूरे 44 साल हो गए। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म का रीमेक बनने जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रड्यूसर भूषण कुमार और लव रंजन मिलकर इस फिल्म का रीमेक बनाएंगे और फिल्म में धर्मेंद्र वाले रोल के लिए राजकुमार राव का नाम फाइनल किया गया है। फिल्म के एक नजदीकी सूत्र ने बताया, चुपके-चुपके बहुत सारे लोगों की फेवरिट फिल्म है जिसमें राजकुमार राव भी शामिल हैं। उन्हें इस फिल्म के रीमेक का आइडिया पसंद आया और वह फिल्म करने के लिए तैयार हो गए हैं। अभी फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है और अभी तक इसके डायरेक्टर और बाकी की कास्ट भी फाइनल होनी बाकी है।

बता दें कि फिल्म में धर्मेंद्र ने प्रफेसर परिमल और प्यारे मोहन का दोहरा किरदार निभाया था जबकि अमिताभ बच्चन ने प्रफेसर सुकुमार सिन्हा का रोल किया था। फिल्म में केश्टो मुखर्जी, असरानी और डेविड के भी महत्वपूर्ण किरदार थे। वैसे कम ही लोगों को पता है कि चुपके-चुपके भी साल 1971 में आई उत्तम कुमार और माधबी मुखर्जी की फिल्म छद्माबेशी का हिंदी अडैप्टेशन थी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



रितु शिवपुरी भी करने वाली हैं स्टार प्लस के शो नज़र में एंट्री?

नज़र छोटे पर्दे के लोकप्रिय सुपरनेचुरल शो में से एक है जो लगातार दर्शकों को अपने पेचीदा स्टोरीलाइन के जरिए जोड़े हुए है. डायन से लेकर जलपरी तक, शो ने लगभग हर अलौकिक कैरेक्टर्स को पर्दे पर उतारने की कोशिश की है. हाल ही में, अभिनेत्री श्रीजिता डे जिन्होंने पहले शो छोड़ दिया था, उन्होंने शो में वापसी कर ली है. अब एक और अभिनेत्री के शो में शामिल होने की खबर है.

खबरों के मुताबिक, बॉलीवुड की फेमस अभिनेत्री रितु शिवपुरी को आने वाले एपिसोड में अहम भूमिका निभाने के लिए चुना गया है.

रितु का किरदार कुछ प्रमुख ट्विस्ट लाएगा और स्टोरीलाइन का हिस्सा बन जाएगा.

रितु को आंखें, काला सम्राज्य, हद कर दी आप, ऐलान जैसे अन्य फिल्मों में एक्टिंग करने के लिए जाना जाता है. वह स्टार प्लस के शो इस प्यार को क्या नाम दूं 2 का भी हिस्सा थीं.

इसके अलावा चाइल्ड आर्टिस्ट वंश सयानी भी शो में एंट्री करने वाली है. वह एक रहस्यमय किरदार में नजर आएंगी.

नज़र एक सुपरनेचुरल हॉरर सीरीज है, जिसे स्टार प्लस पर दिखाया जाता है.

गुल खान के बैनर 4 लायंस के तहत बनाया गया यह शो एक डायन की जिंदगी पर आधारित है, जिसे मोनालिसा (अंतरा विश्वास) की तरफ से निभाया गया है. कहानी डायन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी राठौड़ परिवार पर बुरी नजर है. इस शो में हर्ष राजपूत, मोनालिसा और नियती फतनानी मुख्य भूमिकाओं में हैं.

इंडस्ट्री बाहरी होकर अच्छे किरदार मिलना बहुत मुश्किल है: रकुल प्रीत सिंह

ऐक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में बाहर से आए लोगों को अच्छे किरदार मिलना बहुत मुश्किल होता है। हालांकि वह खुश हैं कि उन्हें अच्छे किरदार मिले हैं और दे दे प्यार दे जैसी फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में रकुल प्रीत के साथ अजय देवगन और तब्बू मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

फिल्म के बारे में रकुल ने कहा, मैंने केवल अपने किरदार के लिए इस फिल्म को हां कहा था। हमें इस बात को स्वीकार करना होगा कि यह बहुत मुश्किल होता है कि इंडस्ट्री में आप आउटसाइडर हों और आपको ऐसी फिल्म मिले जिसमें आपका किरदार अच्छा हो और फिल्म की कहानी में बेहद अहम हो। उन्होंने कहा, जब मैंने इस किरदार को सुना तो मुझे यह बहुत पसंद आया। मैंने कहा कि इस किरदार को पाने के लिए कुछ भी करूंगी। मैं लोगों की बहुत ही आभारी हूं कि उन्होंने फिल्म के ट्रेलर में मेरे किरदार को नोटिस किया है। यह एक रोमांटिक-कॉमिडी फिल्म है। फिल्म को लव रंजन ने लिखा और प्रड्यूस किया है जबकि आकिव अली इसके डायरेक्टर हैं। फिल्म की कहानी एक ऐसे ५० साल के अधेड़ व्यक्ति की है जिसे 26 साल की लड़की से प्यार हो जाता है। फिल्म में रकुल प्रीत का किरदार लंदन में रहने वाली एक लड़की का है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



पानीपत का अनुभव जादुई रहा: कृति सेनन

अभिनेत्री कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म पानीपत की शूटिंग में व्यस्त हैं। उनके अनुसार उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इतनी बड़ी फिल्म का हिस्सा बनेंगी। आशुतोष गोवारिकर द्वारा निर्देशित फिल्म के बारे में कृति ने बताया, हमने जयपुर में शूटिंग की है।

करजात के एनडी स्टूडियों में भी हमने शूट किया है और अब हम मुंबई में शूटिंग करने वाले हैं। फिल्म बहुत शानदार तरीके से आकार ले रहा है और यह वास्तव में एक जादुई अनुभव जैसा है। 28 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, यह फिल्म आपको अलग युग में लेकर चली जाती है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतनी बड़ी फिल्म का हिस्सा बनूंगी। पानीपत फिल्म में पानीपत के तृतीय युद्ध की कहानी बताई जाएगी। फिल्म का निर्माण सुनीता गोवारिकर विजन वर्ल्ड के साथ मिलकर अपने घरेलू बैनर एजीपीपीएल के तहत कर रही हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर और संजय दत्त भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 6 दिसंबर को रिलीज होगी।